Love All Serve All

Live And Let Live

# महावीर प्रवाह एक्सप्रेस

# MAHAVIR PRAVAH EXPRESS

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Publication Date: 27th Weekly Issue · October 2025, Issue 1 · Despatch Date: 27th · Total Pages: 18

## "सेवा की रोशनी से जगमग भारत"



























**International President**
**Vir CA Anil Jain (MIGF)**
president@mahavirinternational.org
**International Secretary General**
**Vir Sohan Lal Vaidya (MIF)**
sg@mahavirinternational.org
**Chief Editor**
**Vira Shilpa Bumb**
**Mob.:** +91 863 742 7008
jainshilpa505@gmail.com
**Editor**
**Vir Hastimal Banthia**
**Mob.:** +91 98795 60524
hastimallbanthia@gmail.com
**Co-Editor :**
**Vira Pia Surana**
**Mob.:** +91 88792 81991
pia.kaur93@gmail.com
**Vira Santosh Marwari**
**Mob.:** +91 98291 33866
srmarwari@gmail.com
**Vira Dr. Poonam Gujrani**
**Mob.:** +91 98254 73857
poonamgujrani@gmail.com
**Vir Ajay Agarwal**
**Mob.:** +91 81086 13350
ajay.agarwal.mum@gmail.com
**Vir CA fatehchand Samdariya**
**Mob.:** +91 98410 85587
fcjain@jainbafna.ca
**Vira Deepika Jain**
**Mob.:** +91 98168 22995
deepiadish@gmail.com
**Vir Dr. Krishan Kumar Jain**
**Mob.:** +91 94259 73448
drkkjainbsnlnmh@gmail.com
**Vir Chandra Kumar Rakhecha**
**Mob.:** +91 98296 72757
crakhecha@gmail.com
**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
1. Saving Account No. 61085014726
IFS Code : SBIN0031033 STATE BANK OF INDIA
Branch : Tilak Nagar, Jaipur
2. Current Account No. 675705602397
ICICI Bank
Branch : Janta Colony, Jaipur IFS Code : ICIC0006757
**Website :**
www.mahavir.international
**For sending reports :**
reports@mahavirinternational.org
**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavirinternational.org
**Facebook :**
**Page :**https://www.facebook.com/ mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/ mahavirintnlapex
**Instagram link :**
https://www.instagram.com/mahavir_ international_apex/
**Layout & Designer :**
**Nakul Swami**

# Contents

## साप्ताहिक गतिविधियाँ


- सम्पादकीय कलम से ..... 03

**रीजन-1**
नार्थ-1 संभाग ..... 04
नार्थ-2 संभाग ..... 04

**रीजन-2**
जयपुर संभाग ..... 05
सीकर-झुंझुनू संभाग ..... 05

**रीजन-3**
अजमेर संभाग ..... 06

**रीजन-4**
बाड़मेर-बालोतरा, पाली संभाग ..... 07
डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग ..... 07
उदयपुर संभाग ..... 08

**रीजन-5**
बीकानेर संभाग ..... 09
जोधपुर संभाग ..... 11
नार्थ ईस्ट बिहार संभाग ..... 11

**रीजन-6**
भीलवाड़ा संभाग ..... 12

**रीजन-7**
इंदौर-उज्जैन संभाग ..... 12
रतलाम-नीमच संभाग ..... 13

**रीजन-8**
गुजरात संभाग ..... 14

**रीजन-9**
छत्तीसगढ़ संभाग ..... 14
विदर्भ संभाग ..... 14

**रीजन-10**
आंध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग ..... 14
तमिलनाडु-केरला संभाग ..... 15
तेलंगाना संभाग ..... 16

# सम्पादकीय कलम से

**सेवा ही प्रवाह है — when service becomes the spirit of every action, society truly flows towards positivity."**

**इस सत्र का  पहला साप्ताहिक महावीर प्रवाह एक्सप्रेस  यह प्रमाणित करता है कि जब सेवा और सहयोग की भावना एक दिशा में बहती है, तो समाज में परिवर्तन स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। विभिन्न शाखाओं द्वारा आयोजित परियोजनाएँ — चाहे वे स्वास्थ्य सेवा हो, शिक्षा से जुड़ी पहलें हों या पर्यावरण संरक्षण के प्रयास या भोजन वितरण करने की खुशी— सभी ने मिलकर महावीर इंटरनेशनल की उस मूल भावना को उजागर किया है, जो "दोस्ती से सेवा" के सिद्धांत पर आधारित है।**

**प्रत्येक रिपोर्ट में हमें सदस्यों की प्रतिबद्धता, निष्ठा और सकारात्मक ऊर्जा स्पष्ट दिखाई देती है। From food and clothes distribution to awareness drives, from cultural gatherings to humanitarian outreach — every effort reflects compassion in action.**

**हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि महावीर प्रवाह केवल समाचारों का संग्रह नहीं, बल्कि एक प्रेरणा-पत्र है — जो हर सप्ताह हमें यह याद दिलायेगा कि सेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक सतत प्रवाह है जो हृदय से हृदय तक बहता है।**

**इस अंक के सभी योगदानकर्ताओं — संपादकीय सहयोगियों, शाखाओं के पदाधिकारियों और रिपोर्ट भेजने वाले वीर-वीराओं — को हार्दिक धन्यवाद।**
**आपकी लेखनी और कर्मशीलता ही महावीर प्रवाह की आत्मा है।**

**Let's keep this flow alive — with words, with actions, and with the unwavering commitment to serve humanity.**

**– महावीर प्रवाह संपादकीय टीम**

# रीजन-1

## नार्थ-1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केन्द्र निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केन्द्र** के तत्वावधान में 17 अक्टूबर को आचार्य हस्ति चिकित्सालय में निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 34 मरीजों की निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र जैन ने मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।

### महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर "खुशियों का बाजार" कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर** द्वारा मानव सेवा प्रोजेक्ट के तहत दीपावली के अवसर पर मकान निर्माण करने वाले मजदूरों एवं उनके परिवारों के लिए "खुशियों का बाजार" लगाकर वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालकों को 15 नई टी-शर्टें, 17 मजदूरों को गरम जुराबें, 2 वर्ष तक के 10 बच्चों को पुराने किंतु अच्छी अवस्था के वस्त्र, 8 महिलाओं को पेटिकोट-ब्लाउज, 5 को सलवार सूट तथा 5 बालिकाओं को प्लाजो-कुर्ती वितरित की गई। सभी को कपड़े के थैले व बिस्किट उपहार स्वरूप



**"खुशियों का बाजार" कार्यक्रम का आयोजन**

प्रदान किए गए। वीरा राखी की ओर से बालकों को 30 नई टी-शर्टें और 15 जोड़ी जुराबें भेंट की गई। कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा लता शर्मा, वीरा सुमन जी, वीरा हर्षिता गंगावत एवं वीरा रामकला जी ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

## नार्थ-2 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चंडीगढ़ केन्द्र "खुशियों का बाजार" कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चंडीगढ़ केन्द्र** द्वारा 18 अक्टूबर को दीपावली के शुभ अवसर और धनतेरस के पावन दिन पर "खुशियों का बाजार" कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन जैन मंदिर सेक्टर-28 के सामने किया गया। कार्यक्रम में लगभग 330 से 350 वस्त्र एवं उपयोगी सामग्री पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए जनसाधारण को मात्र ₹10, ₹20 और ₹50 की नाममात्र राशि पर उपलब्ध कराई गई। आगामी त्यौहार के मद्देनज़र लोगों में उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। इस



**"खुशियों का बाजार" कार्यक्रम का आयोजन**

अवसर पर वीर रविंदर जी, वीर सुभाष जी, वीर मुनीश्वर जी, वीर संजीव जी, वीर राजेश जी, वीर विशाल जी, वीर तरुण जी, वीर विनीत जी, वीरा प्रोमिल जी, वीरा ममता जी, वीरा रुचि जी, वीरा वंदना जी एवं वीरा मोना जी उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र व ट्राइसाइकिल का वितरण



**कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र व ट्राइसाइकिल का वितरण**

**महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र** द्वारा जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्र के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा नालागढ़ केंद्र
## दीप प्रज्वलन कार्यक्रम



**दीप प्रज्वलन कार्यक्रम**

**महावीर इंटरनेशनल वीरा नालागढ़ केंद्र** द्वारा जय महावीर! भगवान महावीर स्वामी जी के निर्वाण दिवस एवं दीपावली के पावन अवसर पर हेल्प द गर्ल तथा स्त्री सभा नालागढ़ (NGO) के सहयोग से हेरिटेज पार्क एवं मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# रीजन-2

## जयपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर केंद्र जयपुर
### नेत्र जांच सेवा के तहत केंद्र का सहयोग

**महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर केंद्र जयपुर** द्वारा नेत्र जांच सेवा कार्य के अंतर्गत 16 अक्टूबर को आदिनाथ वृद्धा आश्रम की केयरटेकर श्रीमती सुधा वैद के निवेदन पर आश्रम में रह रही श्रीमती आशा जैन की आंखों में आए काले जालों का सहाय हॉस्पिटल में आधुनिक मशीनों से सफल उपचार करवाया गया। इस कार्य की कुल लागत ₹1800 रही, जिसे महावीर इंटरनेशनल द्वारा वहन किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र, जयपुर
### अन्नपूर्णा योजना के तहत जरूरतमंद महिला को राशन वितरण



**अन्नपूर्णा योजना के तहत जरूरतमंद महिला को राशन वितरण**

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र, जयपुर** द्वारा अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत आज एक विधवा महिला श्रीमती कृष्णा को मासिक राशन सामग्री प्रदान की गई। केंद्र द्वारा उन्हें हर महीने राशन उपलब्ध कराया जाता है ताकि वह अपने दो छोटे बच्चों का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सके। इस माह प्रदान किए गए राशन में 10 किलो आटा, मूंग दाल, चना दाल, अरहर दाल, तेल, पोहा, दलिया, सूजी, मैदा, नमक, चीनी, चायपत्ती, मिर्च, हल्दी एवं धनिया पाउडर आदि शामिल थे। दीपावली के अवसर पर संस्था की ओर से 1 किलो मिठाई भी भेंट की गई।

## सीकर-झुंझुनू संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू
### विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू** द्वारा 17 अक्टूबर को केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनू में सार्थक दीपावली कार्यक्रम जरूरतमन्दों को एक पूजा सामग्री पैकेट, मोमबती पैकेट, अगरबती पैकेट, माचिस, राशन किट (चावल, चिनी, चाय, मिठाई पैकेट, रिफायण्ड तेल, नमक पैकेट) 5 बर्तनों का सैट, कम्बल, चम्पल जोड़ी, तोलिया, सामान पैकिंग के लिए बैग 51 जरूरतमन्दों को वितरण किया गया साथ ही केंद्र एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

छावनी बाजार, झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। 100 लोगो को लाभ दिया गया। 19 अक्टूबर को वीर श्याम सुन्दर जी जालान के सौजन्य से अपने माता-पिता स्व. श्री त्रिलोकचन्द जी जालान एवं स्व. श्री भागीरथी देवी जालान

की पावन स्मृति में अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद् में जरूरतमन्द 51 लोगों को भोजन करवाया गया। वीर भरत कुमार तुलस्यान के सौजन्य से लाल पहाड़ी क्षेत्र में झोपड़ पट्टी में रहने वाले सार्थक दीपावली कार्यक्रम के अन्तर्गत जरूरतमंद लोगों को दीपक, तेल व बत्ती का वितरण किया गया। 101 लोग लाभान्वित हुए। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की उपस्थिति रही।

# रीजन-3

## अजमेर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र, अजमेर
### जरूरतमंद महिला को वस्तुएं भेंट

**महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र,** अजमेर द्वारा एक जरूरतमंद महिला को गृह उपयोगी वस्तुएं भेंट की गई। केंद्र के मीडिया प्रभारी वीर विजय जैन पांड्या ने बताया कि संस्था अपने सामाजिक सरोकार कार्यक्रमों के अंतर्गत समय-समय पर विविध सेवा गतिविधियाँ आयोजित करती है। यह सेवा कार्य भी उसी श्रृंखला का एक हिस्सा रहा। केंद्र चेयरमैन वीर गजेन्द्र पंचोली ने बताया कि दीपावली के पश्चात कोटड़ा स्थित कल्याण संस्थान में मेगा सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यालय के बच्चों को अध्ययन सामग्री एवं वस्त्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही



**जरूरतमंद महिला को वस्तुएं भेंट**

समीपवर्ती कच्ची बस्ती के निवासियों को घरेलू वस्तुएं वितरित की जाएंगी। केंद्र के सचिव लोकेश जैन सोजतिया ने जानकारी दी कि माह के अंत में थांवला ग्राम में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं।

### महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र
### स्वागत एवं जागरूकता कार्यक्रम



**स्वागत एवं जागरूकता कार्यक्रम**

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा 16 अक्टूबर को जैन स्कूल, पलटन गेट पर वीर कैलाशचंद जैन पांड्या को अजमेर जोन सचिव एवं वीर सुभाष पहाड़िया जैन को मिसरी प्रोजेक्ट के जोन कन्वीनर बनाए जाने पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दीपावली पर पटाखों से सुरक्षा एवं प्रदूषण बचाव के प्रति आमजन में जागरूकता लाने हेतु पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर
### 'खुशियों का बाजार' का आयोजन



**'खुशियों का बाजार'का आयोजन**

**महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर** द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर आज धनतेरस के दिन उपाध्यक्ष वीर भारतीय श्रीवास्तव के नेतृत्व में "खुशियों का बाजार" कार्यक्रम चटाई मोहल्ला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एकत्रित किए गए पहनने योग्य वस्त्र एवं घरेलू सामग्री जरूरतमंदों को मात्र ₹20 की नाममात्र राशि में उपलब्ध कराई गई। संरक्षक वीरा अलका दूधेडिया ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र द्वारा हर वर्ष दीपावली से पूर्व आयोजित किया जाता है। चेयरपर्सन वीरा कल्पना कांसवा ने बताया कि इस आयोजन से प्राप्त राशि से मिठाई खरीदकर

इन्हीं जरूरतमंद परिवारों में वितरित की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वीरा आभा लुणावत, वीरा मधु बोथरा, खुशबू बोथरा, वीरा नीतू नाहर, वीरा श्वेता सियाल एवं अभिलाषा जी का विशेष सहयोग रहा।

## रीजन-4

## बाड़मेर-बालोतरा, पाली संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केन्द्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केन्द्र** की प्रेरणा और मार्गदर्शन में गौतम डूंगरवाल और प्रकाश डूंगरवाल ने अपने दिवंगत पिता स्व. मोतीलाल डूंगरवाल की पुण्य तिथि पर मानव धर्म ट्रस्ट बाड़मेर में एक दिवसीय भोजन प्रसाद का पुण्य आयोजन किया। इस अवसर पर जरूरतमंद और असहाय बंधुओं को सम्मानपूर्वक भोजन करवाया गया। केंद्र चेयरमैन वीर बाबूलाल सखलेचा ने गौतम डूंगरवाल की इस सेवा भावना की सराहना की और बताया कि उन्होंने स्वयं अपने हाथों से भोजन प्रसाद वितरण कर इसे पुण्य का कार्य बनाया। वर्तमान में गौतम डूंगरवाल, डिप्टी डायरेक्टर के रूप में बाड़मेर में सेवा दे रहे हैं। दीपावली पर्व पर महावीर इंटरनेशनल की प्रेरणा से श्री मांगीलाल जी गोठी ने अपने पिता बाबूलाल जी गोठी की पुण्य स्मृति में भोजन प्रसाद का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त



भोजन वितरण कार्यक्रम

श्रीमती पप्पू देवी ने भी एक समय का भोजन प्रसाद आयोजित किया। कार्यक्रम में 123 बंधुओं ने लाभ लिया। इस अवसर पर संरक्षक वीर गौतम डूंगरवाल, वीर मांगीलाल गोठी, वीर भरत शर्मा, चंद्रकुमार शर्मा, गंगा मां एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल वर्धमान केंद्र बालोंतरा
### जनरल मीटिंग का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वर्धमान केंद्र बालोंतरा** की प्रथम जनरल मीटिंग का आयोजन नाकोड़ा गौशाला में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायों को गुड़ चारा देने से हुई, जिसमें सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके बाद शताब्दी भवन नाकोड़ा परिसर में प्रार्थना से मीटिंग प्रारंभ की गई। मीटिंग में भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और सभी सदस्यों ने परिचय देते हुए सुझाव प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्थापक सदस्य वीर पवन नाहटा, चेयरमैन वीर अशोक कुमार चोपड़ा, सचिव वीर सुरेश कुमार गोठी, महावीर गोलेछा,




जनरल मीटिंग का आयोजन

चिकित्सा प्रभारी वीर दिनेश वडेरा, जयंतीलाल हुंडिया, वीर रतनलाल छाजेड़, वीर प्रवीण भंसाली, अनिल दांती, संतोष गर्ग, उमाशंकर टिबरेवाल, वीर अशोक भंडारी, संपत बालड सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सचिव वीर सुरेश गोठी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मीटिंग का समापन जन-मन-गण गाकर किया गया।

## डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डडूका केंद्र शोकग्रस्त परिवारों में मिठाई वितरण

**महावीर इंटरनेशनल डडूका केंद्र** द्वारा 19 अक्टूबर को सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के अंतर्गत गांव के 22 शोकग्रस्त परिवारों में मिठाई वितरण किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर रणजीत सिंह सोलंकी ने बताया कि यह परंपरा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी निभाई गई, जिसमें परिवारों के शोक निवारण की रस्म अदा की गई। इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर अजीत कोठिया ने बताया



**शोकग्रस्त परिवारों में मिठाई वितरण**

कि यह कार्यक्रम अनूठा है, जिसमें सदस्य घर-घर जाकर उन परिवारों की कुशल क्षेम पूछते हैं, जिनके किसी सदस्य का पूरे वर्ष में निधन हुआ हो। कार्यक्रम में मिठाई वितरण कर दीपावली की रामरमी करते हुए परिवारों और बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर सचिव वीर अशोक रावल, पूर्व चेयरमैन वीर सुंदरलाल पटेल, सरपंच प्रशासक रेखा महवाई, वीर जनार्दन नागर, वीर राजेंद्र महवाई, वीर जगदीश वागड़िया और वीर अजीत कोठिया ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन वीर अशोक रावल ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल गढ़ी परतापुर केंद्र
## वीरा बहनों का किया सम्मान

**महावीर इंटरनेशनल गढ़ी परतापुर केंद्र** द्वारा करवा चौथ की पूर्व संध्या पर ने निर्जल व्रत करने वाली वीरा बहनों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर अजीत कोठिया रहे, जबकि अध्यक्षता मानव सेवा संस्थान गढ़ी के



**वीरा बहनों का किया सम्मान**

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुगन कुंवर ने की। सौभाग्य के प्रतीक इस पर्व की पूर्व संध्या पर स्थानीय पंवार परिसर में आमंत्रित बहनों का स्वागत वीरा कुसुम कोठिया ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र
## जरूरतमंद परिवारों के साथ मनाई दीपावली



**जरूरतमंद परिवारों के साथ मनाई दीपावली**

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा 17 अक्टूबर को सदस्यों ने दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों में मिठाई, मिट्टी के दिये, दीपक के लिए तेल और वस्त्र वितरित कर खुशियां बांटी। सामग्री पाकर सभी बस्तीवासी प्रफुल्लित नजर आए। कार्यक्रम की भामाशाह वीरा सरोज शाह रही। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वीरा निधि गांधी, वीरा ममता भट्ट और वीरा सीमा गांधी भी उपस्थित रही।

# उदयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र
## भोजन वितरण कार्यक्रम



**भोजन वितरण कार्यक्रम**


**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा 18 अक्टूबर को पशुपतिनाथ गौशाला, बलीचा में लगभग 300 गायों को चारा खिलाया गया। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर रविंद्र सुराणा, सचिव वीर सुरेश बड़ीवाल, कोषाध्यक्ष वीर अशोक खुर्दिया, सदस्य वीर तनिष्क सुराणा और गौशाला का स्टाफ उपस्थित रहे। 19 अक्टूबर को अन्नपूर्णा रसोई, उदयापोल में 200 जरूरतमंद जनों को मीठा भोजन कराया गया। 21 अक्टूबर को वीर चंद्र प्रकाश जैन द्वारा उनके जन्मदिन के अवसर पर आश्रम में 72 प्रभुजन को मीठा भोजन कराया। 22 अक्टूबर को जनाना एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी सेवा प्रकल्प के अंतर्गत जरूरतमंद माताओं को बेबी किट, बर्तन, पेटिकोट, कंबल, साड़ी, स्वेटर एवं बिस्कुट वितरित किए गए। दिव्य मदर मिल्क सेक्शन में फलों का वितरण भी किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा जज़्बा केंद्र उदयपुर
## दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम



दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा जज़्बा केंद्र उदयपुर** द्वारा आमंत्रा होटल में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में 34 वीराओं का तिलक और गजरे के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। जोन चेयरपर्सन वीरा हंसा हिंगड़ और मेंबर वीरा मीना पोखरना ने स्वागत एवं बधाई दी। वीरा शिखा कावड़िया ने दीपावली हाउसी खेलकर मनोरंजन किया। वीरा हंसा जी ने "दीप जले आना मेरे प्यार को बिसराना" शीर्षक पर स्किट प्रस्तुत किया।वीरा पुष्पा जी ने कविता "नारी मशाल बन जीना सीखो" प्रस्तुत की और देवयानी जी ने गीत की प्रस्तुति दी। वीरा सुधा भटनागर जी ने "नंबर टू गिफ्ट" गेम खेलाया। कार्यक्रम में पंक्चुअलिटी पुरस्कार भी वितरित किए गए। गजरे और उपहार वीरा सुमन जी और वीरा मीना लोढ़ा की ओर से प्रदान किए गए।।




# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र शपथ ग्रहण समारोह

**महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र** का शपथ ग्रहण समारोह डागा गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। रीजनल सचिव 5 वीर संतोष बांठिया और संभागीय चेयरमैन वीर टोडरमल गोयल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। नए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के साथ ही कुछ नए सदस्यों ने भी शपथ ली। भाजपा शहर अध्यक्ष वीरा सुमन छाजेड़ भी इस अवसर पर मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संचालक ने आभार प्रकट किया।

### महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र अत्याधुनिक मशीनों का दान

**महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र** को समाजसेवी भामाशाह वीर मांगीलाल संचेती ने केंद्र को लगभग चार लाख रुपये मूल्य की तीन अत्याधुनिक मशीनें—टेकार थेरेपी, सोनोमेड 9s और यूनिसिस्टम 5n—भेंट कीं। इस अवसर पर यजुवीर आर्य (अध्यापक) ने केंद्र को पांच कुर्सियां भेंट कीं। केंद्र कोषाध्यक्ष वीर बाबूलाल कांकरिया ने दानदाताओं का आभार व्यक्त



अत्याधुनिक मशीनों का दान

किया। समारोह में केंद्र चेयरमैन वीर सुरेंद्रकुमार हीरावत, डॉ. एम.पी. तिवारी, डॉ. राहुल लेखाला और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वीर, वीरा और यूथ केंद्रों के चेयरमैन व पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। नए सदस्य और पदाधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। समारोह में केंद्र की गतिविधियों और कार्यों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्री निवास झंवर और अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन 5 वीर राजेंद्र सिंह राठौड़, रीजनल सचिव 5 वीर संतोष बांठिया भी उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र धनतेरस लकी ड्रॉ एवं पुरस्कार वितरण

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा धनतेरस लकी ड्रॉ का आयोजन बिश्नोई मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमें ट्रैफिक इंचार्ज श्री मूल सिंह शेखावत एवं बिश्नोई




**धनतेरस लकी ड्रॉ एवं पुरस्कार वितरण**





**दीपावली पर विविध सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

सभा समिति अध्यक्ष श्री रामनाथ कड़वासरा मुख्य अतिथि रहे। धन संग्रह अधिकारी वीर पवन जैन ने बताया कि नागरिकों के उत्साह से सभी कूपन विक्रय हो गए। बुधवार को आयोजित समारोह में प्रथम पुरस्कार मोटरसाइकिल कमल जसूजा व पीयूष जसूजा को, जबकि चरण सिंह को फ्रिज व भीमसेन सिहाग को वाशिंग मशीन प्रदान की गई। विजेता मुकेश डागा ने अपनी वाशिंग मशीन की राशि संस्था को सेवा कार्य हेतु दान की। अध्यक्ष वीर सत्यनारायण झंवर ने सभी विजेताओं व सहयोगियों को बधाई दी एवं दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र
## दीपावली पर विविध सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र** द्वारा दीपावली के अवसर पर समाजसेवा और उत्सव की भावना से ओत-प्रोत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। "खुशियों का बाज़ार" कार्यक्रम के अंतर्गत गंगाशहर आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित "खुशियों का बाज़ार" का शुभारंभ सेठ रावत मल बोथरा कॉलेज के संस्थापक एवं उद्योगपति श्री शांति लाल जी बोथरा के करकमलों से हुआ। सचिव वीरा मिथिला भूरा, कोषाध्यक्ष वीरा शांता भूरा सहित अनेक वीरा बहनों की सक्रिय उपस्थिति में बच्चों और बड़ों ने कपड़े, खिलौने, स्टेशनरी, बर्तन और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। केंद्र ने सेवा आश्रम में 48 विमंदित भाई-बहनों को कपड़े वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम में गीत, नृत्य, मेहंदी कला और दीप भेंट कर वातावरण को आनंदमय बना दिया गया। सेवा आश्रम के संस्थापक भीष्म कौशिक ने केंद्र का आभार व्यक्त करते हुए मोमेंटो प्रदान किया। गवर्नमेंट कॉलेज, गंगाशहर में बीकाणा वीरा केंद्र द्वारा ASG अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बबीता जी ने आयोजन की सराहना करते हुए वीरा बहनों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. मोहम्मद मुंतज़ीर एवं उनकी टीम को समाजसेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 14 अक्टूबर को आयोजित दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम में लगभग 35 वीरा बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीप प्रज्वलन, कालबेलिया नृत्य, खेल, उपहार वितरण और स्नेह भोज के माध्यम से आपसी सौहार्द, एकता और उत्सव की भावना को सशक्त किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल गंगाणा वीरा केंद्र गंगाशहर
## बस्ती में दीपावली सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल गंगाणा वीरा केंद्र गंगाशहर** द्वारा 19 अक्टूबर को दीपावली के शुभ अवसर पर सेकंड बोथरा चौक, साकेत बिल्डिंग के सामने बस्ती के बच्चों और महिलाओं को 100 गिफ्ट पैक (कचौड़ी, मिठाई, जूस, रेफर, चॉकलेट) वितरित किए। यह सेवा सबके प्रति प्रेम और अपनापन की भावना से संपन्न हुई। कार्यक्रम में चेयरपर्सन वीरा चंद्रकला भूरा, सचिव वीरा सरिता नाहटा, उपाध्यक्ष वीरा



बस्ती में दीपावली सेवा कार्यक्रम

कंचन छल्लाणी, कोषाध्यक्ष वीरा मोहिनी चोपड़ा, सह सचिव वीरा सरिता आंचलिया सहित कई वीरा बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के पश्चात साकेत बिल्डिंग में मीटिंग आयोजित कर नए सदस्यों को केंद्र की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

## जोधपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र, जोधपुर
### विभिन्न सेवगतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र, जोधपुर** की वीरा बहनों द्वारा नियमित सेवा कार्यों के तहत विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ संपन्न की गईं। वीरा शांता जी मेहता ने दादा-दादी वृद्ध आश्रम में 15 किलो तेल, 2 किलो घी, 8 किलो सर्फ एवं फलों का वितरण किया। कुल खर्च ₹5000 रहा। साथ ही, केंद्र की वीरा बहनों द्वारा 10 पानी के टैंकर हेतु ₹5000 की राशि सहयोग स्वरूप प्रदान की गई। गांगानी



कपड़े, बर्तन, मिठाई व नमकीन वितरण

बाल आश्रम में 25 बच्चों को स्टील के टिफिन बॉक्स वितरित किए। 17 अक्टूबर को वीरा लीला जी लोहिया ने अपना घर आश्रम में 225 प्रभुओं को भोजन कराया। वीरा नीता जी जैन ने 17 अक्टूबर को कच्ची बस्ती, कुष्ठ रोग आश्रम एवं जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, बर्तन, मिठाई व नमकीन वितरित किए।

## नार्थ ईस्ट बिहार संभाग

### महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र
### निर्वाण दिवस पर भव्य आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र** द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन मॉडल टाउन पंजाबी पाड़ा में किया गया। कार्यक्रम आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री आनंद कुमार जी कालू एवं मुनि श्री विकास कुमार जी के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत



निर्वाण दिवस पर भव्य आयोजन

वीरांगनाओं द्वारा सामूहिक प्रार्थना से हुई। मुनि श्री विकास कुमार जी द्वारा प्रस्तुत गीतिका ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं मुनि श्री आनंद कुमार जी ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन, शिक्षाओं और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सभी को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। केंद्र की चेयरपर्सन वीरा पुष्पा चिंडालिया ने महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों का परिचय देते हुए निर्माण दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वीर केंद्र चेयरमैन वीर बजरंग सेठिया, महिला मंडल, युवक परिषद के सदस्य एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में मुनि श्री को वीरांगना की डायरी भेंट की गई।



## रीजन-6

### भीलवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा
### दीपावली पर जरूरतमंदों को सामग्री व राशन वितरित

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर दादीधाम स्थित कच्ची बस्ती के लोगों को 100 पैकेट (दीपक, बाती, माचिस, अगरबत्ती, गुड, मिठाई, तेल) दिए गए। 18 अक्टूबर को फूड फोर हंगर के अन्तर्गत पूर्व



दीपावली पर जरूरतमंदों को सामग्री व राशन वितरित

ट्रस्टी वीर बलवीर चौरडिया व केन्द्र उपाध्यक्ष वीरा संतोष सिंघवी द्वारा 85 असहाय जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री दी गई। 19 अक्टूम्बर को कोषाध्यक्ष वीरा सुधा बुलिया द्वारा कच्ची बस्ती में रहने वाले नन्हें मुन्ने बच्चों को दीवाली के अवसर पर खिलौने दिए गए। इन अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा



दीपावली पर जरूरतमंदों को सामग्री व राशन वितरित

मजू जी पोखरना, पूर्व ट्रस्टी वीरा बलवीर जी चौरडिया, गर्वनर काउंसिल सदस्या वीरा मंजु जी खटवड़, जोन चेयरपर्सन वीरा चन्द्रा जी रांका, केंद्र चेयरपर्सन वीरा विमला जी राका, सचिव वीरा सुमन जी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वीरा सुधा जी बुलिया, उपाध्यक्ष वीरा संतोष जी सिंघवी, प्रचार प्रसार मंत्री वीरा नीलू जी वागरानी, पूर्व जोन कोषाध्यक्ष विजया जी चौधरी आदि कई सदस्याएँ उपस्थित रही।

### महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र, भीलवाड़ा
### गायों को चारा, गुड़ एवं दलिया वितरण

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र,** भीलवाड़ा द्वारा 9 अक्टूबर को राम धाम गौशाला में जीवदया अंतर्गत गायों को ₹1000 मूल्य का गुड़, दलिया और चारा वितरित किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन वीरा हंसा छाजेड़, सचिव वीरा सुमित्रा बुरड़, उपाध्यक्ष वीरा ललिता जैन, प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी डायरेक्टर वीरा विजया बम्ब, पूर्व चेयरपर्सन वीरा सुशीला आंचलिया सहित कई वीरा बहनें उपस्थित रहीं।

### महावीर इंटरनेशनल संकल्प केंद्र
### जरूरतमंद परिवारों की सहायता



जरूरतमंद परिवारों की सहायता

**महावीर इंटरनेशनल संकल्प केंद्र** के तत्वावधान में नव मनोनीत जोन चेयरपर्सन चंद्रा जी रांका की उपस्थिति में केंद्र की सह-कोषाध्यक्ष वीरा नीतु रांका ने दो गरीब महिलाओं को उनके घर बुलाकर राशन सामग्री और ₹3,000 का दान प्रदान किया। इस सेवा कार्य से परिवारों को मदद मिली और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा मिली।

## रीजन-7

### इंदौर-उज्जैन संभाग

### महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र
### नवजात अनाथों को पालना बैड का वितरण

**महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र** की पहल से दीपावली के अवसर पर MATRA-CHAYA में नवजात अनाथों को 15 पालना बैड प्रदान किए गए। यह दान प्रदीप



**नवजात अनाथों को पालना बैड का वितरण**

और अनिता टोंगिया द्वारा किया गया। वितरण का कार्य मतृश्री पद्मा टोंगिया ने स्वयं किया।

## महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र जन्म दिवस पर सेवा कार्य

**महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र** द्वारा 17 अक्टूबर को संरक्षक सम्मानीय वीर शरद जी जैन के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस अवसर पर निर्धन परिवारों में मिठाई और नमकीन का वितरण किया गया।



**जन्म दिवस पर सेवा कार्य**

## महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा देवास गेट बस स्टैंड पर संचालित महावीर भोजनशाला में स्वर्गीय श्रीमती आशा जी तोतला और स्वर्गीय श्री कन्हैयालाल जी सेठी "पानबिहार" की पुण्य स्मृति में मिष्ठान सहित भोजन सेवा प्रदान की गई। लाभार्थी परिवारों में प्रकाश जी तोतला एवं परिवार और प्रेमा जी सेठी, लालवानी जी सेठी एवं परिवार शामिल रहे साथ ही, सरकारी चरक अस्पताल, उज्जैन में निर्धन परिवारों के नवजात बच्चों को इंफेक्शन से बचाव हेतु 562 वाँ सप्ताह बेबी किट निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर प्रमोद कोठारी, सचिव वीर रमणलाल सोनी और संयोजक वीर निर्मल गादिया उपस्थित रहे।

# रतलाम-नीमच संभाग

## महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी नीमच केंद्र कच्ची बस्ती में स्वच्छता संदेश कार्यक्रम



**कच्ची बस्ती में स्वच्छता संदेश कार्यक्रम**

**महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी नीमच केंद्र** द्वारा 9 अक्टूबर को गौड बस्ती, नीमच में "कच्ची बस्ती में स्वच्छता संदेश" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को 60 पर्सनल हाइजीन किट (साबुन, तेल, टूथब्रश, टूथपेस्ट और नैपकिन) प्रदान किए गए। जो बच्चे अच्छी तरह नहाकर तैयार होकर आए, उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार भी दिए गए। मुख्य अतिथि पूर्व गवर्निंग काउंसलिंग मेंबर वीर मनोहर लाल बंब और रतलाम-नीमच जोन चेयरपर्सन वीरा रेखा अनुराग जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर समूह की 4 सदस्याएं सक्रिय रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम से 60 बच्चे लाभान्वित हुए और उन्होंने हमेशा स्वच्छ रहने का आश्वासन दिया।



## रीजन-8

### गुजरात संभाग

**महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि केंद्र सूरत**
**दीपावली सेवा प्रवृत्ति "खुशियाँ बाँटो, दीप जलाओ"**



दीपावली सेवा प्रवृत्ति "खुशियाँ बाँटो, दीप जलाओ"

**महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि केंद्र** सूरत ने दीपावली के अवसर पर अपनी नई कार्यकारिणी की प्रथम सेवा प्रवृत्ति आयोजित की। कार्यक्रम के अंतर्गत भारती मैया आनंदधाम वृद्धाश्रम, पीपलोद में बुजुर्गों के साथ संवाद, मिठाई वितरण और दीप जलाने का आयोजन किया गया। इसके बाद टीम ने झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों (Near Avantis Farm, Grandeza, Balaji Mandir, Vesu Road) में जाकर बच्चों को मिठाई और उपहार वितरित किए तथा दीपावली मनाई। जोन चेयरपर्सन वीरा निशा जी सेठिया विशेष अतिथि रहीं और बच्चों को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन व दीपावली के संदेश – प्रेम, सौहार्द और स्वास्थ्य – के प्रति प्रेरित किया। सेवा प्रवृत्ति का नेतृत्व वीरा संगीता जी राठी (चेयरपर्सन) ने किया। कार्यक्रम में वीरा स्मृति जैन (सचिव), वीरा राजलक्ष्मी भुंच (वाइस चेयरपर्सन), वीरा रीना विकास जैन (जॉइंट सेक्रेटरी), वीरा सीमा रांका, वीरा लता घीवाला, तान्या जैन और भारती मैया टीम की सक्रिय सहभागिता रही।

## रीजन-9

### छत्तीसगढ़ संभाग

**महावीर इंटरनेशनल धमतरी केंद्र**
**"महावीर प्रसादी" सेवा कार्यक्रम**

**महावीर इंटरनेशनल धमतरी केंद्र** द्वारा 18 अक्टूबर को नियमित सेवा गतिविधि के अंतर्गत धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पिटल में "महावीर प्रसादी" सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मरीजों एवं उनके सहयोगियों को 51 टिफिन भोजन वितरित किए गए। कार्यक्रम के सहयोगदाता स्व. सुभाष धीरेन्द्र नाहर रहे, जिनकी स्मृति में यह सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वीर ज्ञानचंद लुनावत, वीर अशोक पारख, वीर दिलीप बड़जात्या, वीर धीरेन्द्र नाहर, वीर डॉ. पपेश नाहर, शकुंतला नाहर और बेबी वृद्धि नाहर का विशेष सहयोग रहा।

### विदर्भ संभाग

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र चंद्रपुर**
**जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण**



जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र चंद्रपुर** द्वारा 17 अक्टूबर को सरकारी अस्पताल में जरूरतमंद लोगों को पुराने पर उपयोग योग्य वस्त्र, साड़ियां और बेडशीट वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में लगभग 175 जरूरतमंद लाभान्वित हुए। केंद्र की अध्यक्ष ने बताया कि यह छोटा सा प्रयास सभी वीरा सदस्यों के सहयोग से सफल हुआ। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## रीजन-10

### आंध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग

**महावीर लेडीज क्लब**
**विशाखापट्टनम केंद्र**
**दीपावली का आयोजन**

**महावीर लेडीज क्लब विशाखापट्टनम केंद्र** द्वारा 16 अक्टूबर को प्रियंदर्शिनी वृद्धाश्रम में दीपावली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। ट्रस्ट की ओर से नए वस्त्र, दीप सजावट सामग्री वितरित की गई और सभी के साथ मिलकर नाश्ता किया गया।



दीपावली का आयोजन

केंद्र के सदस्यों ने वृद्धजनों से संवाद कर उनके साथ आनंदपूर्वक समय बिताया। इस सेवा परियोजना की कुल लागत ₹35,000 रही। केडंरा की चेयरपर्सन वीरा सुनीता राखेचा और सचिव वीरा निशा चोरड़िया ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## तमिलनाडु-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा के. सुभाषचंद जी कस्तूरीबाई रांका के सहयोग से तंडियारपेट स्थित गुलेछा निवास (चेन्नई – 600081) में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में एम.एन.आई. हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने कुल 82 व्यक्तियों की नेत्र जांच



निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

की, जिनमें से 17 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इन्हें नि:शुल्क सर्जरी हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अतिरिक्त 42 व्यक्तियों को कमजोर दृष्टि पाए जाने पर चश्मे बनाकर दिए जाएंगे। शिविर में 35 लोगों का मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण भी किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को श्रवण यंत्र, पेन बाम, पेन स्प्रे, कमर पट्टा, घुटने के मोज़े, सहारे की लकड़ी व पेन जेल आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम की सफलता में निरंजन सोलंकी, ललित रांका, प्रवीण छाजेड़, आनंद आर्या, सुनीता-सुनील गुलेछा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा गुलेचा -ट्रस्ट के.के नगर के सहयोग से एम जी आर नगर स्थिति महावीर चैरिटेबल -हॉस्पिटल स्वर्गीय भवरलालजी, गौतमजी, उत्तमजी, प्रकाशजी गुलेच्छा की स्मृति में 17 अक्टूबर को 2917 वां निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अग्रवाल आई



निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

अस्पताल की चिकित्सकिय टीम ने 35 मरीजों की आंखो की जांच की गई जिसमे से 03 मरीजों की आंखो में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 07 मरीजों को चश्मे बनाकर दिए गए। शिविर में राकेश, सेल्वम, देशना, प्रवीण जैन, रमेश का सहयोग सराहनीय रहा।

### महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र** एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में निर्मलजी पुरोहित चेंगलपेट के सहयोग से चेंगलपेट स्थिति जैन भवन में 22 अक्टूबर को 2918 वां निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकिय टीम ने 45 मरीजों की आंखो की जांच की गई जिसमे से 12 मरीजों की आंखो में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी



**निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन**

करवाई जाएगी। 15 मरीजों को चश्मे बनाकर दिए गए। 30 लोगो की रक्तचाप व मधुमेह जांच भी की गई व 15 लोगो को आंखो की दवाई वितरित की गई शिविर में वीर अजीत चोरडिया, वीर पदमचंद सिंघवी, केशाराम सीरवी, मोहनलाल गड़वानी का सहयोग सराहनीय रहा।

## तेलंगाना संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा 17 अक्टूबर को मिनर्वा, हिम्मायतनगर में "ट्रीट्स ऑन द स्ट्रीट्स 7.0 – दीपावली स्पेशल" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सड़कों पर रहने वाले बच्चों को दीपक, मिठाई और रंगीन किताबें वितरित कर उनकी खुशी बढ़ाई गई और दीपावली के वास्तविक संदेश — प्रकाश और प्रेम साझा करने — को उजागर किया



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

गया। इस कार्यक्रम को विशेष बनाने में दानदाता नेहा लालवानी और श्रेया कोठारी का योगदान रहा। हाउस ऑफ ह्यूज़ द्वारा कस्टमाइज्ड चॉकलेट और रंगीन किताबें बच्चों को दी गई। कार्यक्रम के संयोजक वीर वरुण दोषी और वीरा प्रेरणा जैन रहे। केंद्र चेयरमैन वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा प्रेरणा जैन और संयुक्त सचिव वीरा तनिषा जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। 18 अक्टूबर को प्रोजेक्ट अभ्युदय – आहार सत्कार (128वां) सेवा प्रकल्प कोठी मैटरनिटी हॉस्पिटल में संपन्न हुआ। यह सेवा कार्य स्व. विपिन कुमार जी रूनवाल की स्मृति में रूनवाल परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 207 लाभार्थियों को भोजन परोसा गया। अब तक इस प्रकल्प के अंतर्गत 23,073 भोजन सेवा पूर्ण की जा चुकी है। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट संयोजक वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत जैन एवं वीर मोहित सुराणा द्वारा किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम




**भोजन वितरण कार्यक्रम**

**महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर केंद्र** द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर अक्कीपेट सर्किल में अपना 32वां अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर 500 से अधिक लोगों को ताजा भोजन और मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति और संघटन के सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी दिखाई। केंद्र चेयरमैन वीर विजय राज सिसोदिया ने सभी सदस्यों और प्रायोजक पदम भूरट परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वीर दिनेश लोढ़ा, कोषाध्यक्ष वीर पदम भूरट और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा धनतेरस के शुभ अवसर पर 18 अक्टूबर को “रिलीव द हंगर - 1” सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया गया। इस प्रकल्प के अंतर्गत



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

कोटी क्षेत्र में अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह सेवा कार्य उगमराज जी सा सिंघवी एवं परिवार के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में वीर कुशल जी बर्लोटा और वीरा साधना जी सियोडिया का विशेष योगदान रहा। टीम के सभी सदस्यों ने मिलकर इस सेवा भावना को सफल बनाया। केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती, सचिव वीरा कल्पना बर्लोटा एवं कोषाध्यक्ष वीर अनिल बोहरा ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## महावीर इंटरनेशनल हुबली केंद्र
## मिठाई वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल हुबली केंद्र** द्वारा 17 अक्टूबर को दीपावली के अवसर पर केशवपुर सब्जी मंडी में “सब्जीवालों के संग मिठाई वितरण” सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 160 सब्जी विक्रेताओं को मिठाई के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के श्रमिक वर्ग—विशेषकर सब्जी विक्रेताओं—के साथ दीपावली की खुशियाँ बाँटना और उनके प्रति स्नेह प्रकट करना



**मिठाई वितरण कार्यक्रम**

था। वितरण के दौरान सब्जी विक्रेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम ₹14,000 की लागत से संपन्न हुआ। इस सेवा कार्य में वीर नरेंद्र रांका, वीर गौतम बागरेचा, वीर अशोक ओस्तवाल, वीर प्रकाश पारेख, वीर सुनील लड्डा, वीर रमेश ओस्तवाल, वीर ललित जैन सहित कई सदस्यों का विशेष योगदान रहा। केंद्र चेयरमैन वीर रमेश ओस्तवाल और सचिव वीर केशरीचंद गोलछा ने सभी सहयोगी सदस्यों व वीराओं का आभार व्यक्त किया।

## महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र
## दीपावली उत्सव कार्यक्रम


**महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र** द्वारा 17 अक्टूबर को टीम ने वैदिक विराजनंद स्कूल के विद्यार्थियों के साथ दीपावली का उत्सव मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को चॉकलेट, स्टेशनरी, वेफर्स और पर्यावरण अनुकूल बांस के टूथब्रश वितरित किए गए। स्कूल में वर्तमान में 100 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिन्हें संस्था अपने नाश्ता पहल (ब्रेकफास्ट इनिशिएटिव) के माध्यम से भी सहयोग प्रदान करती है। बच्चों ने दीपावली पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और प्रसन्नता के साथ उपहार प्राप्त किए। इस सेवा कार्यक्रम पर ₹50,000 व्यय किए गए। टीम ने बताया कि इस छोटे से प्रयास से बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने सेवा कार्य की असली संतुष्टि का अनुभव कराया।

## महावीर इंटरनेशनल अतुल्यनारी वीरा केंद्र हैदराबाद
## स्नैक्स, मिठाइयां और टॉफियों का वितरण

**महावीर इंटरनेशनल अतुल्यनारी वीरा केंद्र हैदराबाद** द्वारा 17 अक्टूबर को "अतुल्य नारी" संस्था द्वारा प्रोजेक्ट आशा की किरण के अंतर्गत मुशीराबाद स्थित अमन वेदिका अनाथालय में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनाथालय की बालिकाओं को स्नैक्स, मिठाइयां और टॉफियां वितरित की गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इनका आनंद लिया और उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम के अंतर्गत अनाथालय को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं — जैसे चावल, तेल, चीनी और रवा — भी प्रदान की गई। सामूहिक प्रार्थना सत्र के माध्यम से एकता और सहयोग का संदेश दिया गया। प्रोजेक्ट संयोजक एवं सचिव वीरा मोनिका लूणकर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम से संस्था की टीम ने समाज सेवा और मानवीय संवेदना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में

## दोशी बने महावीर इंटरनेशनल के संभागीय चेयरमैन, लूणावत सचिव


सुनील दोशी


श्रेणिक लूणावत

उज्जैन | महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन ने महावीर इंटरनेशनल केंद्र उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन दोशी को इंदौर-उज्जैन संभाग का चेयरमैन नियुक्त किया। नवनियुक्त संभागीय चेयरमैन दोशी ने जोन सचिव पद पर श्रेणिक लूणावत और कोषाध्यक्ष पद पर अशोक चौहान को मनोनीत किया। अन्य प्रोजेक्ट के डायरेक्टर पदों के अंतर्गत वुमन एंपावरमेंट एंड चाइल्ड केयर के लिए अनिता टोंग्या इंदौर एवं सेंटर एंड मेंबरशिप डेवलपमेंट के लिए शेफाली टोंग्या इंदौर को मनोनीत किया। जानकारी महावीर इंटरनेशनल केंद्र उज्जैन के अध्यक्ष प्रमोद कोठारी ने दी।

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर की ओर से अक्टूबर माह में किए कई सेवा कार्य

### जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री एवं वस्त्र वितरण किए

अगम्य मीडिया
www.agamymedia.com



## महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत ने 'खुशियाँ बाँटो, दीप जलाओ' अभियान के साथ मनाई संवेदना भरी दीपावली

### वृद्धाश्रम और झुग्गी बस्तियों में बुज़ुर्गों व बच्चों संग दीपावली मनाकर फैलाया प्रेम और मुस्कान का उजाला



## महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा सेवा पर्व पखवाड़ा में जीवन रक्षक किट के वितरण

मरुधर विशेष



## पटाखो से सुरक्षा, जीव रक्षा, प्रदूषण बचाव पोस्टर विमोचन



कुचामन सिटी। (आस-पास ब्यूरे) महावीर इन्टरनेशनल कुचामन परिवार द्वारा दीपावली पर पटाखों से सुरक्षा, जीव रक्षा प्रदूषण से बचाव लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को 4 बजे जैन स्कुल पलटन गेट पर अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल सचिव अजित पहाडिया के सानिध्य मे पोस्टर का विमोचन किया गया।वीर सुभाष पहाडिया ने बताया की पर्यावरण संरक्षण का सदेंश देकर बताया कि दीपावली पर्व प्रकाश का पर्व है इसे प्रदूषणमुक्त एवं सुरक्षित बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है पोस्टर विमोचन करते संस्था कोषाध्यक्ष वीर सुरेश गगंवाल, वीर नन्दकिशोर बिडसर, वीर अशोक अजमेरा, वीर सम्पत बगडीया, वीर तेजकुमारजी बड़जात्या, वीर विकास पाटनी ने सहयोग किया। वीर सुभाष पहाडिया जैन को महावीर इन्टरनेशनल संस्था के मिसरी प्रोजेक्ट जोन के संयोजक व वीर कैलाश पांड्या को जोन सचिव, वीरा सुनिताजी गंगवाल सहयोजन पद प्राप्त करने पर संस्था सदस्यों द्वारा तिलक माला साफा से स्वागत सम्मान कर बहुमान किया गया।

18/10/2025


महिलाओं की आंखों की जांच करती चिकित्सक।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

**चेन्नई.** महावीर इंटरनेशनल चेन्नई द्वारा हाल ही गुरु हस्ती तंग मालिगै पूंदमल्ली के सहयोग से उन्हीं के निजी प्रांगण में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया जिसमें 57 लोगों ने बीपी एवं शुगर जांच करवाई। इसके अलावा अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकों ने 93 लोगों की आंखें जांची जिनमें से मोतियाबिंद पाए गए लोगों की सर्जरी करवाई जाएगी एवं 60 लोगों को चश्मे बनाकर दिए जाएंगे। ज़रूरतमंदों को श्रवण यंत्र, पैन बाम- जैल, स्प्रे, कमर पट्टा व घुटने के मौजें आदि दिए गए। इंदिरा- निरंजन सोलंकी, सुमित लोढ़ा, आनंद आर्या, विजयराज कोठारी, हरीश कवाड़, मुकेश आदि ने शिविर में सेवा दी।

## खुशियों का बाजार कार्यक्रम शुरू



**बीकानेर**| बीकाणा वीरा केंद्र की ओर से गंगाशहर आंगनबाड़ी केंद्र में खुशियों का बाजार कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिलाल बोथरा ने किया। केंद्र की चेयरपर्सन मनीषा डागा ने कहा कि बीकाणा वीरा केंद्र हर वर्ष खुशियों के बाजार का आयोजन कर बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को दीपावली पर ढेर सारी खुशियां पहुंचाती है। इस अवसर पर सेक्रेटरी मिथिला भूरा,शांता भूरा, चारु नाहटा, सरिता बोथरा, मंजू बोथरा, सपना भूरा, ऋतु गौड़, मधु श्रीमाल, उर्मिला बोथरा, सरिता दस्साणी और विनिता सेठिया ने साथ आंगनवाड़ी सहायिका श्यामा की उपस्थिति रही। मेले के दौरान बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के चेहरों पर मुस्कान खिल उठीं।

## करणी माता मंदिर में जल मंदिर का लोकार्पण


नागौर. जल मंदिर का लोकार्पण करते एसपी व जैनाचार्य।

**नागौर @ पत्रिका.** मानासर रोड स्थित करणी माता मंदिर परिसर में गुरुवार को जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। जैन आचार्य पद्मश्री नित्यानंद सूरीश्वर के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा रहे। इस जल मंदिर का निर्माण सायर देवी पत्नी हुलासमल की स्मृति में उनके पुत्र एवं ओसवाल न्यात के अध्यक्ष गौतमचंद, राजेंद्र कुमार कोठारी ने करवाया है। विशिष्ठ अतिथि पद्मश्री हिम्मताराम भांभू, विमलेश समदड़िया, अनिल कुमार बांठिया, नरेंद्र कुमार संखलेचा रहे। इस अवसर पर महावीर बिश्नोई, जानाराम फिड़ौदा, अशोक समदड़ीया, अभयमल लोढ़ा, सुशील ललवाणी, प्रमोद बांठिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल शाखा ने किया टिफिन वितरण



धमतरी 18 अक्टूबर ( डीलक्स समाचार )। धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पिटल में महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी द्वारा अपनी नियमित सेवा गतिविधि के अंतर्गत महावीर प्रसादी ( भोजन टिफिन ) 51 टिफिन का वितरण मरीज एवं एक सहयोगी को किया गया. कार्यक्रम के सहयोगदाता स्व सुभाष धीरेन्द्र नाहर थे शाखा उनकी अनुमोदना एवं साधुवाद करती है. कार्यक्रम में वीर ज्ञानचंद लुनावत, वीर अशोक पारख, वीर दिलीप बड़जात्या, वीर धीरेन्द्र नाहर, वीर डॉ पपेश नाहर, शकुन्तला नाहर, बेबी वृद्धि नाहर की कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग रहा.

## डूंगरवाल की पुण्य तिथि पर भोजन प्रसादी का हुआ आयोजन



19/10/2025, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र | संपादक - जिनागमपंथी "सोनल जैन" 8770740758

## महावीर इंटरनेशनल डड़ूका द्वारा सामाजिक सरोकार मिठाई वितरण कार्यक्रम आज (19अक्टूबर को)

संवाददाता | अजीत जैन कोठिया — राजस्थान डड़ूका

महावीर इंटरनेशनल डड़ूका द्वारा सामाजिक सरोकार मिठाई वितरण कार्यक्रम आज 19अक्टूबर की सांय 5 बजे आयोजित किया जाएगा। केंद्र चेयरमैन रणजीत सिंह सोलंकी ने बताया की प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव के सर्व समाज के 16 शोकग्रस्त परिवारों में मिठाई वितरण कर उनके शोक निवारण की रस्म अदा की जाएगी। संस्था के इंटरनेशनल डायरेक्टर अजीत कोठिया ने बताया कि संभवतः पूरे देश में डड़ूका केंद्र द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा है जिसमे सदस्य घर घर जाकर उन परिवारों की कुशल क्षेम पूछते हैं जिनमें पूरे वर्ष में किसी परिजन का निधन हुआ हो। ऐसे परिवारों को मिठाई भेट कर दीपावली की राम रामी कर उनके दुख में सहभागिता निभा बच्चो ओर परिजनों का मुंह मीठा कराया जाता है।


इस हेतु सचिव अशोक रावल, पूर्व अध्यक्ष सुंदरलाल पटेल कोषाध्यक्ष योगेश सोनी, जनार्दन नागर, राजेंद्र महवाई, जसवंत रावल, हितेश जैन, पेमजी पाटीदार, हिम्मत सिंह सोलंकी, जगदीश वागड़िया, ओम प्रकाश महवाई तथा अजीत कोठिया के नेतृत्व में टीम गठित कर तैयारियां पूर्ण करली गई है।

स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए S-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषकः एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**